प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 02.03.2025 समय : 01:00 पी.एम.

राज्य सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 10 मार्च से गेंहू की खरीद शुरू करेगी। 30 जून तक चलने वाली खरीद प्रकिया में सरकार ने प्रति क्विंटल 2 हजार 425 रुपए समर्थन मूल्य तय किया है। सरकार की ओर से खरीद पर 150 रुपए प्रति क्विंटल अतिरिक्त बोनस दिया जाएगा। डीग के जिला रसद अधिकारी भागूराम महला ने बताया कि जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद डीग, कामां, कुहेर, जुरहरा, पहाड़ी, गोपालगढ़, सीकरी कृषि उपज मंडी में होगी। सरकार ने गेहूं का खरीद लक्ष्य 19 हजार क्विंटल का निर्धारित किया है। इसके लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन ई–मित्र के माध्यम से 25 जून तक किया जाएगा। गिरदावरी किये हुए` खेतों में जन आधार कार्ड में पंजीकृत परिवार के एक या एक से अधिक सदस्यों के नाम से रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकेगा। पाली में इसके लिए सुमेरपुर और तखतगढ़ में खरीद केन्द्र बनाए गए हैं। किसानो उपज का भुगतान 48 घंटों के भीतर सीधे बैंक खातों में कर दिया जायेगा। रसद विभाग ने सहायता के लिए हेल्प लाइन नंबर भी जारी किया हैं।

---------------------------------------------

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज डूंगरपुर जिले के दौरे पर रहेंगे। वे जिले के खेडमाल गांव में धार्मिक आयोजन में हिस्सा लेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे। उनका आज ही पाली जिले के गुडामांगलियान गांव के दौरे का भी कार्यक्रम है जहां वे एक धार्मिक संस्थान की ओर से आयोजित समारोह में शामिल होंगे। इससे पहले आज सुबह मुख्यमंत्री ने भरतपुर के केवलादेव उद्यान का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से पर्यटकों की सुविधा के लिए आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित करने को कहा।

---------------------------------------------

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि एक ही नंबर के दो मतदाता फोटो पहचान पत्र–ईपीआईसी का अर्थ यह नहीं कि पहचान पत्र फर्जी है या मतदाता बोगस है। आयोग ने मीडिया की खबरों में दो अलग–अलग राज्यों में मतदाताओं के एक ही नंबर के मतदाता फोटो पहचान पत्र का मुद्दा आने पर एक बयान में यह बात कही। इससे पहले आयोग ने स्पष्ट किया कि कुछ मतदाताओं के ईपीआईसी नंबर एक हो सकते हैं लेकिन जनसांख्यिकी, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र और मतदान केंद्र जैसा अन्य ब्यौरा अलग होता है। मतदाता जिस राज्य या केंद्र शासित प्रदेश की मतदाता सूची में नामांकित है, वहां वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में निर्धारित मतदान केंद्र पर ही वोट डाल सकता है। इसके अलावा मतदाता कहीं और वोट नहीं डाल सकता। निर्वाचन आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी आशंका को दूर करने के लिए पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट ईपीआईसी नंबर आवंटित करने का निर्णय लिया गया है। डुप्लीकेट ईपीआईसी नंबर के मामले में विशिष्ट ईपीआईसी नंबर दिया जाएगा।

---------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज रमजान के पवित्र महीने की शुरुआत के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री मोदी ने कामना की कि रमजान से समाज में शांति और सद्भाव को बढ़ावा मिले। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि रमज़ान का पवित्र महीना श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है और देशवासियों को करुणा, दया और सेवा के मूल्यों की भी याद दिलाता है। इस बीच पहला रोजा आज रखा गया। मुस्लिम धर्मावलम्बियों ने सुबह के वक्त सहरी की और मस्जिदों में नमाज़ अदा कर अमन चैन की दुआ मांगी।

---------------------------------------------

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए फिट इंडिया मूवमेंट, पोषण अभियान, ईट राइट इंडिया और खेलो इंडिया सहित कई पहल शुरू की गई है। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य स्वस्थ जन–जीवन सुनिश्चित करना है। मंत्रालय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने मन की बात कार्यकम में मोटापे को कम करने के लिए राष्ट्रव्यापी जागरूकता और सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया।

---------------------------------------------

हनुमानगढ में स्वच्छ जल स्वच्छ मन अभियान के तहत पीलीबंगा तहसील में नहर की सफाई की गई। निरंकारी मिशन के तहत आयोजित इस स्वच्छता अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधि, विद्यार्थी और निरंकारी मिशन से जुडे सेवादारों ने भाग लिया।

---------------------------------------------

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से श्रीगंगागनर, हनुमानगढ़ और आस–पास के क्षेत्रों में मेघगर्जन के साथ हल्की बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश भागों में आगामी एक सप्ताह में मौसम के शुष्क रहने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार 4 मार्च के बाद न्यूनतम व अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री गिरावट होने की संभावना है। इस बीच राज्यभर में बीते 24 घंटों के दौरान कई जगहों पर मेघगर्जन के साथ बारिश की गतिविधियां दर्ज की गई। भरतपुर और धौलपुर के साथ शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि के समाचार है।

---------------------------------------------

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट में आज दुबई में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद ढाई बजे शुरू होगा। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी हैं। इस मैच की विजेता मंगलवार को सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से खेलेगी। हारने वाली टीम का बुधवार को दक्षिण अफ्रीका से मुकाबला होगा। इस बीच, कल रात कराची में खेले गए एक अन्य मैच में दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को सात विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

---------------------------------------------

भीलवाड़ा में 4 मार्च को टैक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन की ओर से कार्यकम आयोजित किया जायेगा। भाजपा सांसद और टेक्सटाइल ट्रेड फेडरेशन के अध्यक्ष दामोदर अग्रवाल ने बताया कि इस दौरान फेडरेशन के बहुउद्देशीय भवन का लोकार्पण केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह करेंगे। उन्होंने बताया कि वस्त्र नगरी के रूप में पहचान रखने वाले भीलवाडा में वस्त्र निर्माण फैक्ट्रियों के विकास के लिए केन्द्रीय मंत्री से अनुरोध किया जायेगा।

---------------------------------------------